**व्यंकटेश महाजन वरिष्ठ महाविद्यालय, उस्मानाबाद**

**हिन्दी विभाग**

**वार्षिक प्रतिवेदन**

**शैक्षिक वर्ष 2018-2019**

1) **दि. 6 जून 2018 :- अन्तर्राष्ट्रीय निबन्ध प्रतियोगिता में सहभागी छात्र का सत्कार** :- टोरंटो विश्वविद्यालय, मिसिसागा, कनाड़ा एवं विश्व हिन्दी सांस्कृतिक संस्थान के द्वारा 'मैं और हिन्दी' विषय पर आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दी निबन्ध प्रतियोगिता में सहभागी छात्र श्री. अकबर चाँदपाशा सय्यद का सत्कार प्रधानाचार्या डॉ. अनार साळुंके जी के करकमलों से किया गया।

2) **दि. 18 जून 2018 :- हिन्दी विभाग की बैठक** :- शैक्षिक वर्ष 2018-19 के प्रारम्भ में वर्ष भर के कार्यक्रमों, उपक्रमों और पाठ्यक्रम वितरण और प्रश्नपत्र आवंटन आदि पर विस्तार से विचार विमर्श किया गया। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉ. विनोदकुमार वायचळ और प्रा. संजय जोशी उपस्थित थे।

3) **दि. 13 जुलाई 2018 :- 'महाकवि कालिदासादि वाङ्मय' पुस्तक प्रकाशन** :- महाकवि कालिदास प्रतिष्ठान, धायरी, पुणे में आयोजित कार्यक्रम में कविवर विलास सातपुते संपादित 'महाकवि कालिदासादि वाङ्मय' पुस्तक का प्रकाशन हुआ। इस पुस्तक में डॉ. विनोदकुमार विलासराव वायचळ लिखित लघु निबन्ध 'महाकवि कालिदास रचित अभिज्ञान शाकुन्तलम् नाटकातील पिता-पुत्री सम्बन्ध' का समावेश हुआ है।

4) **दि. 15 जुलाई 2018 :- महात्मा फुले अन्तर्राष्ट्रीय सम्मान पुरस्कार** :- बाबू जगजीवनराम कला, संस्कृति तथा साहित्य अकादमी, नई दिल्ली द्वारा डॉ. विनोदकुमार वायचळ को 'महात्मा फुले अन्तर्राष्ट्रीय सम्मान पुरस्कार - 2018' प्रदान किया गया।

5) **दि. 19 जुलाई 2018 :- 'लघुकथा विमर्श' अतिथि व्याख्यान** :- वाङ्मय मण्डल एवं हिन्दी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित उद्घाटन कार्यक्रम में मराठी विभागाध्यक्ष डॉ. प्रशान्त चौधरी जी का 'हिन्दी में अनुदित मराठी लघुकथा विमर्श' इस विषय पर अतिथि व्याख्यान सम्पन्न हुआ। इससे पूर्व डॉ. विनोदकुमार वायचळ ने प्रास्ताविक किया और अन्त में डॉ. संजय जोशी जी ने कृतज्ञता ज्ञापन किया। इस अवसर पर डॉ. सहदेव रसाळ जी तथा छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

6) **दि. 24 जुलाई 2018 :- राष्ट्रीय कार्यशाला में सहभाग** :- अंजुमन खैरूल इस्लाम संस्था द्वारा संचलित पूना महाविद्यालय, पुणे एवं विजया बैंक के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित एक दिवसीय सॉफ्ट स्किल विकास कार्यशाला में हिन्दी विभाग के श्री. अकबर चाँदपाशा सय्यद, श्री. धीरज गोविंद पांचाळ और श्री. सन्तोष दशरथ चव्हाण इन तीन छात्रों ने सक्रिय सहभाग लिया।

7) **दि. 26 जुलाई 2018 :- रेखाचित्र का दृक्श्राव्य रूपान्तर प्रदर्शन** :- बी. ए./ बी. एस्सी. द्वि. वर्ष हिन्दी द्वितीय भाषा के छात्रों के लिए पाठ्यक्रम में समाविष्ट महियसी महादेवी वर्मा लिखित रेखाचित्र 'नीलकण्ठ मोर' के दृक्श्राव्य रूपान्तर का प्रदर्शन रखा गया।

8) **दि. 27 जुलाई 2018 :- पूर्व छात्र सत्कार कार्यक्रम में प्रमुख अतिथि** :- गुरूपौर्णिमा के उपलक्ष्य में लोहारा के माध्यमिक विद्यालय में प्रा. संजय जोशी जी का व्याख्यान सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के पूर्व छात्र एवं गुणवान/ मेधावी छात्रों का सत्कार भी किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य एवं शिक्षक तथा शिक्षकेतर कर्मचारी उपस्थित थे।

9) **दि. 06 अगस्त 2018 :- विद्यावाचस्पति की मौखिकी में सहभाग** :- डॉ. बाबासाहेब आम्बेड़कर मराठवाड़ा विश्वविद्यालय, औरंगाबाद के हिन्दी विभाग में आयोजित विद्यावाचस्पति इस शोध-उपाधि की मौखिकी परीक्षा में प्रा. संजय जोशी जी को उनके शोध विषय 'डॉ. शंकर शेष के नाटकों के पात्रों का मनोवैज्ञानिक अध्ययन' पर सफलता पूर्वक रीति से शोधोपाधि प्रदान की गई। इस अवसर पर हिन्दी विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. सुधाकर शेंडगे जी, बहिस्थ परीक्षक प्रो. डॉ. विष्णु सरवदे और शोध निर्देशक डॉ. दस्तगीर देशमुख का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। सूत्र संचालन और कृतज्ञता ज्ञापन डॉ. विनोदकुमार वायचळ ने किया।

10) **दि. 7 अगस्त 2018 :- मैथिलशरण गुप्त जयन्ती** :- रामकृष्ण परमहंस महाविद्यालय, उस्मानाबाद के हिन्दी विभाग में आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रकवि मैथिलशरण गुप्त जयन्ती के अवसर पर प्रेमचन्द, मैथिलीशरण गुप्त और जयशंकर प्रसाद जी के साहित्यिक योगदान पर डॉ. विनोदकुमार वायचळ का अतिथि व्याख्यान सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर डॉ. देविदास इंगळे जी ने प्रास्ताविक किया। अध्यक्षीय समापन प्रभारी प्रधानाचार्या डॉ. शुद्धमति फुलसागर जी ने किया। सूत्र संचालन डॉ. केशव क्षीरसागर जी ने किया तो डॉ. श्रीराम नागरगोजे जी ने कृतज्ञता ज्ञापन किया।

11) **दि. 11 अगस्त 2018 :- शोधकार्य पर व्याख्यान** :- डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर मराठवाडा विश्वविद्यालय, औरंगाबाद की विद्यावाचस्पति उपाधि प्राप्त अध्यापक डॉ. संजय जोशी जी का अपने शोधविषय 'डॉ. शंकर शेष के नाटकों के पात्रों का मनोवैज्ञानिक अध्ययन' विषय पर व्याख्यान सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर संस्थासचिव एड. मिलिंद पाटील जी, प्रधानाचार्या डॉ. अनार साळुंके जी तथा अन्य शिक्षक-शिक्षकेतर कर्मचारी उपस्थित थे।

12) **दि. 18-20 अगस्त 2018 :- 11 वें विश्व हिन्दी सम्मेलन में सहभाग** :- विदेश मन्त्रालय भारत सरकार तथा मॉरिशस सरकार के संयुक्त तत्वावधान में राजधानी पोर्ट लुई के निकट पाई में आयोजित 11 वें विश्व हिन्दी सम्मेलन में डॉ. विनोदकुमार वायचळ ने सक्रिय सहभाग लेकर 'हिन्दी विश्व और भारतीय संस्कृतिः मॉरिशसवासी स्व. अभिमन्यू अनत जी के बारह उपन्यासों के विषेश सन्दर्भ में' विषय पर शोधालेख प्रस्तुत किया।

13) **दि. 3 सितम्बर 2018 :- पूर्व छात्र सम्मेलन में सहभाग** :- डॉ. बाबासाहब आम्बेड़कर मराठवाड़ा विश्वविद्यालय, औरंगाबाद के हिन्दी विभाग द्वारा आयोजित पूर्व छात्र सम्मेलन और सुवर्ण जयन्ती समारोह में डॉ. विनोदकुमार वायचळ ने सक्रिय सहभाग लिया।

14) **दि. 4 सितम्बर 2018 :- हिन्दी अध्ययन मण्डल के सदस्य रूप में सत्कार**:- डॉ. बाबासाहब आम्बेड़कर मराठवाड़ा विश्वविद्यालय, औरंगाबाद के हिन्दी अध्ययन मण्डल के स्वीकृत सदस्य के रूप में डॉ. विनोदकुमार वायचळ के चयन का पत्र प्राप्त होने पर प्रधानाचार्य डॉ. अनार साळुंके जी एवं अन्य अध्यापकों के करकमलों से सत्कार किया गया।

15) **दि. 14 सितम्बर 2018 :- राष्ट्रीय हिन्दी दिन समारोहः**- दोपहर 4 बजे महाविद्यालय में राष्ट्रीय हिन्दी दिन समारोह का आयोजन किया गया। सबसे पहले मान्यवर अतिथियों के करकमलों से 11 वें विश्व हिन्दी सम्मेलन पर आधारित चार भित्तिपत्रकों का विमोचन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालयीन परीक्षा में सफल छात्रों को पुरस्कार प्रदान किये गये। 'भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेयी जी का हिन्दी कविता में योगदान' इस विषय पर आयोजित निबन्ध प्रतियोगिता में सहभागी छात्र छात्राओं को पुरस्कार प्रदान किये गये। तत्पश्चात् कला स्नातक अन्तिम वर्ष के छात्र श्री. अकबर सय्यद ने 'हिन्दी में रोज़गार के अवसर' विषय पर शक्तिबिन्दू प्रस्तुतिकरण किया। इसके बाद प्रा. अभय शिन्दे, डॉ. मिलिन्द माने, डॉ. संजय जोशी, डॉ. विनोदकुमार

वायचळ, डॉ. प्रशान्त चौधरी के मार्गदर्शन के बाद प्रधानाचार्य डॉ. अनार साळुंके जी ने अध्यक्षीय समापन किया। सूत्र संचालन श्री. धीरज पांचाळ ने किया तो सुश्री. वृन्दा वंजारे ने कृतज्ञता ज्ञापन किया।

16) **दि. 28 सितम्बर 2018 :- हिन्दी पखवाड़ा समापन कार्यक्रम :-** भारत संचार निगम मर्यादित कार्यालय, उस्मानाबाद में हिन्दी पखवाड़ा समापन कार्यक्रम में नगर राजभाषा कार्यान्वय समिति की बैठक भी सम्पन्न हो गई। प्रमुख अतिथि के रूप में डॉ. विनोदकुमार वायचळ ने 11 वें विश्व हिन्दी सम्मेलन का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। विषेश अतिथियों में श्री. सुभाष सैनी, बैंक ऑफ महाराष्ट्र, सोलापुर, श्री. रमेश गच्ची, बैंक ऑफ महाराष्ट्र, सोलापुर, श्री. राधारमण शर्मा, बैंक ऑफ इंडिया, कोल्हापुर, श्री. संजय बरीदे, आकाशवाणी, श्री. कुलकर्णी नेहरू युवा केंद्र आदि ने सक्रिय सहभाग लिया। राजभाषा अधिकारी श्रीमती रूपाताई तेलकर जी ने सूत्रसंचालन एवं कृतज्ञता ज्ञापन किया।

17) **दि. 29 सितम्बर 2018:- अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में सहभाग :-** अंजुमन खैरूल इस्लाम संस्था द्वारा संचालित पूना महाविद्यालय, पुणे में आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में श्री. अकबर चाँदपाशा सय्यद ने ' मोहन राकेश रचित लघुकथा 'मलबे का मालिक' में चित्रित विभाजनोत्तर मानसिकता' विषय पर शोधालेख प्रस्तुत किया। साथ ही डॉ. विनोदकुमार वायचळ ने 'मॉरिशस के कथाकार राज हीरामन के लघुकथा संग्रह 'बर्फ सी गर्मी' की सम्वेदना' विषय पर शोधालेख प्रस्तुत किया।

18) **दि. 30 सितम्बर 2018:- शिक्षकरत्न पुरस्कार प्रदान :-** रोटरी क्लब एवं एकता फाऊंडेशन, उस्मानाबाद की ओर से डॉ. विनोदकुमार वायचळ को शिक्षकरत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर यशवन्तराव चौहान सभागृह में ह. भ. प. प्रकाश महाराज बोधले एवं प्रधानाचार्य डॉ. गजानन धरणे जी के करकमलों से डॉ. विनोदकुमार वायचळ को प्रमाणपत्र एवं स्मृतिचिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर रोटरी क्लब के अध्यक्ष श्री. अभिजीत पवार, सचिव रणजीत रणदिवे तथा एकता फाऊंडेशन के श्री. अमित कदम तथा सचिव श्री. अभिलाष लोमटे ने जी सहयोग प्रदान किया।

19) **दि. 2 अक्तुबर 2018- गांधी जयंती:-** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की 150 वीं जयंती के अवसर पर मा. प्रधानाचार्य डॉ. अनार साळुंके जी के करकमलों से प्रतिमापूजन किया गया। इस अवसर पर पूना महाविद्यालय, पुणे में संपन्न अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में सहभागी छात्र श्री. अकबर चाँदपाशा सैयद का सत्कार किया गया। कार्यक्रम का सूत्र संचलन डॉ. विनोदकुमार वायचळ ने और कृतज्ञता ज्ञापन डॉ. संजय जोशी जी ने किया।

20) **दि. 3 अक्तुबर 2018 :- संस्कृत दिन अतिथि व्याख्यान :-** अणदूर, ता. तुलजापुर के जवाहर महाविद्यालय में संस्कृत दिन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रधान वक्ता के रूप में डॉ. विनोदकुमार वायचळ ने मराठी, हिन्दी, अंग्रेजी और संस्कृत भाषा और साहित्य में अंतरंग एकता विषय पर व्याख्यान प्रदान किया। कार्यक्रम का सूत्रसंचालन डॉ. सुरेखा भारती जी ने किया। हिन्दी विभाग के डॉ. बिराजदार, अंग्रेजी विभाग की डॉ. मुदकण्णा और संस्कृत विभाग के प्रा. सत्येन्द्र राऊत जी ने अपने-अपने विचार भी रखे। इस अवसर पर सांस्कृतिक एवं क्रीडा विभाग में सहभागिता एवं पुरस्कार पानेवाले छात्र-छात्राओं एवं शारीरिक शिक्षा निदेशक डॉ. उमाकान्त सलगर जी का सत्कार किया गया। समाजशास्त्र विभाग के अध्यापक प्रा. बापू बाराते जी ने विशेष सहायता प्रदान की।

21) **दि. 7 अक्तुबर 2018 :- प्रयोगशील शिक्षक पुरस्कार प्रदान :-** वृन्दावन फाऊंडेशन एवं शिक्षण विवेक की ओर से आयोजित शिक्षण गौरव समारोह में डॉ. विनोदकुमार विलासराव वायचळ को प्रयोगशील शिक्षण सम्मान से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मेघ मल्हार सभागृह में आयोजित कार्यक्रम में मा. शेषाद्रि डांगे जी और श्री. पुरंदरे जी के करकमलों से डॉ. विनोदकुमार वायचळ को प्रमाणपत्र और स्मृतिचिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया।

22) **दि. 7 अक्तुबर 2018 :- सुमित्रानन्दन पन्त अन्तर्राष्ट्रीय साहित्य पुरस्कार:-** सुविख्यात शैक्षिक और सामाजिक साप्ताहिक 'जन अध्ययन' के विषेशांक प्रकाशन के अवसर पर नान्देड़ स्थित साई भवन में सम्पादक प्रधानाचार्य डॉ. विठ्ठल मोरे और मुम्बई हिन्दी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. बलदेव सिंह चौहान के करकमलों से डॉ. विनोदकुमार विलासराव वायचळ को 'सुमित्रानन्दन पन्त अन्तर्राष्ट्रीय साहित्य पुरस्कार - 2018' से सम्मानित किया गया।

23) **दि. 8 अक्तुबर 2018 :- अध्ययन मण्डल की कार्यशाला में सहभाग :-** डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर मराठवाडा विश्वविद्यालय, औरंगाबाद की ओर से श्रीयश अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय, सातारा परिसर में आयोजित अध्ययन मण्डल की एक दिवसीय कार्यशाला में हिन्दी विभाग के अध्ययन मण्डल के निमन्त्रित सदस्य डॉ. विनोदकुमार विलासराव वायचळ ने सक्रिय सहभाग लिया।

24) **दि. 11 अक्तुबर 2018 :- भारतरत्न डॉ. ए. पी. जे. अब्दुल कलाम विशेष भित्तिपत्रक विमोचन:-** भारत के पूर्व राष्ट्रपति भारतरत्न डॉ. ए. पी. जे. अब्दुल कलाम जी की जयंती के साप्ताहिक कार्यक्रम के अवसर पर हिन्दी विभाग की ओर से एक विशेष भित्तिपत्रक का अनावरण प्रधानाचार्य डॉ. अनार साळुंके जी के करकमलों से किया गया। इस अवसर पर भित्तिपत्रक बनानेवाले छात्र श्री. ओम्प्रकाश शिंदे (बी. एस्सी. प्र. वर्ष) का सत्कार किया गया। इस अवसर पर प्रा. डॉ. संजय जोशी जी, डॉ. विनोदकुमार वायचळ, डॉ. सहदेव रसाळ, प्रा. अभय शिन्दे, प्रा. बापू बाराते और ग्रन्थपाल सचिन महाजन जी उपस्थित रहे।

25) **दि. 27 अक्तुबर 2018 :- तपस्वी विशेषांक का लोकार्पण:-** व्यंकटेश महाजन वरिष्ठ महाविद्यालय के वार्षिकांक तपस्वी का लोकार्पण प्रधान सम्पादक प्रधानाचार्य डॉ. अनार साळुंके जी के करकमलों से किया गया। इस अवसर पर कार्यकारी सम्पादक डॉ. विनोदकुमार वायचळ, सह सम्पादक डॉ. प्रशान्त चौधरी, विज्ञानपन प्रमुख डॉ. संजय जोशी, डॉ. अर्चना बनाळे, डॉ. जयश्री कुलकर्णी, डॉ. ज्योत्स्ना जावळीकर, डॉ. सहदेव रसाळ, डॉ. मकरन्द चौधरी, डॉ. लक्ष्मण चिखले आदि उपस्थित रहे।

26) **6 दिसम्बर 2018 :- महापरिनिर्वाण के उपलक्ष्य में विषेश व्याख्यान :-** डॉ. बाबासाहेब आम्बेड़कर मराठवाड़ा विश्वविद्यालय उपपरिसर, उस्मानाबाद में विद्यार्थी विकास कक्ष के द्वारा आयोजित प्रा. डॉ. विनोदकुमार विलासराव वायचळ ने 'समाजसुधार और हैद्राबाद मुक्ति संग्राम में डॉ. बाबासाहेब आम्बेड़कर जी का योगदान' इस विषय पर व्याख्यान सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर सूत्रसंचालन डॉ. महेश्वर कळलावे जी ने किया। अध्यक्षीय समापन संचालक डॉ. अनार साळुंके जी न किया।

27) **8 दिसम्बर 2018:- नैक के परिवर्तित प्रारूप पर आधारित एक दिवसीय कार्यशाला:-** व्यंकटेश महाजन वरिष्ठ महाविद्यालय में अन्तर्गत गुणवत्ता शाश्वति प्रकोष्ठ की ओर से एक नैक के परिवर्तित प्रारूप पर आधारित एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया था। इस कार्यशाला में डी. ए. वी. दयानन्द वाणिज्य महाविद्यालय, सोलापुर के अन्तर्गत गुणवत्ता शाश्वति प्रकोष्ठ के समन्वयक प्रा. डॉ. दीपक ननवरे जी का मार्गदर्शन सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर प्रधानाचार्य डॉ. अनार साळुंके जी, अन्तर्गत गुणवत्ता शाश्वति प्रकोष्ठ समन्वयक प्रा. डॉ. अर्चना बनाळे जी, नैक समन्वयक प्रा. डॉ. विनोदकुमार वायचळ तथा अन्य शिक्षक-शिक्षकेतर कर्मचारी उपस्थित रहे।

28) **17 दिसम्बर 2018 :- भक्त कवि सूरदास की कर्मभूमि की यात्रा :-** मध्ययुगीन श्रीकृष्णभक्त कवि सूरदास जी की कर्मभूमि सुर कुटी, गऊघाट रूनकता (आगरा) स्थित महाकवि सूरदास नेत्रहीन विद्यालय की यात्रा की। इस अवसर पर सुर कुटी, सुर सरोवर, सुर कूप, गऊघाट, श्रीनाथ मन्दिर के दर्शन किये। ब्रेल लिपि में उत्कीर्ण सुरसागर, रामचरित मानस, कामायनी आदि ग्रन्थों को स्पर्श्य ज्ञान से पढ़नेवाले नेत्रहीन छात्रों को देखकर मन भावुक हो उठा। साथ ही संगीत विषय के अन्ध आचार्य से 'जसोदा हरि पालने झुलावै', 'मैया मोरी मैं नहीं माखन खायो', 'सन्देसौ देवकी सौ कहियो' आदि पद रागदारी में सुनकर मन प्रसन्न हो गया।

29) 18 **दिसम्बर** 2018 **:- हिन्दी भूषण श्री सम्मान पुरस्कार प्रदान :-** कटोरिया देवी बाबूराम शर्मा हिन्दी साहित्य समिति, बदायूँ (उत्तर प्रदेश) के अध्यक्ष डॉ. सतीशचन्द्र शर्मा 'सुधांषु' द्वारा आयोजित अखिल भारतीय साहित्यकार सम्मान समारोह सुदामा देवी इण्टर कालिज, कालूपुर में आयोजित किया गया। इस अवसर पर सुप्रसिद्ध ग़ज़लकार श्री. अशोक खुराना जी के करकमलों से प्रा. डॉ. विनोदकुमार वायचळ को 'राजाराम दुबे स्मृति हिन्दी भूषण श्री सम्मान - 2018' प्रदान किया गया। यह पुरस्कार डॉ. शरणकुमार लिम्बाळे सम्पादित मराठी पुस्तक 'दलित पैन्थर : भूमिका एवं आन्दोलन' के हिन्दी अनुवाद पर प्राप्त हुआ। सम्मान स्वरूप शाल, पुष्पस्तबक, स्मृतिचिह्न एवं रू. 1100 की धनराशि प्रदान की गई।

30) **दि.** 3-4 **जनवरी** 2019 **:- नवलेखक एवं नाट्य प्रशिक्षण कार्यशाला में सहभाग :-** डॉ. बाबासाहब आम्बेड़कर मराठवाड़ा विश्वविद्यालय, औरंगाबाद प्रायोजित नवलेखक एवं नाट्य प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन मराठी विभाग की ओर से किया गया। इस अवसर पर हिन्दी के छात्रों ने सक्रिय सहभाग लिया। कार्यशाला के दूसरे दिन के एक सत्र का सूत्रसंचलन प्रा. डॉ. विनोदकुमार वायचळ ने किया।

31) **दि.** 5 **जनवरी** 2019**:- राष्ट्रीय संगोष्ठी में शोधालेख पठन :-** सोलापुर विश्वविद्यालय, सोलापुर एवं हिन्दी विभाग मा. ह. महाडिक महाविद्यालय, मोडनिंब में आयोजित ' समकालीन हिन्दी कथा साहित्य में विविध विमर्श' शीर्षक एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी प्रा. डॉ. विनोदकुमार वायचळ ने ''मैत्रेयी पुष्पा के नवीनतम उपन्यास 'फरिश्ते निकले' में नारी विमर्श'' शीर्षक शोधालेख पढ़ा।

32) **दि.** 10 **जनवरी** 2019 **:- विश्व हिन्दी दिन पर विशेष व्याख्यान का आयोजन :-** विश्व हिन्दी दिन के अवसर पर रामकृष्ण परमहंस महाविद्यालय के प्रा. श्रीराम नागरगोजे जी का विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया। अध्यक्षीय समापन प्रधानाचार्य डॉ. अनार साळुंके जी ने किया। इस अवसर पर 'सामाजिक माध्यम और हिन्दी विश्व' विषय पर निबन्ध प्रतियोगिता में सफल छात्रों को प्रमुख अतिथि के करकमलों से पुरस्कार रूप में ग्रन्थ प्रदान किये गये। इस अवसर पर मान्यवर अतिथियों के करकमलों से दो विशेष भित्तिपत्रकों का अनावरण भी किया गया। सूत्रसंचालन प्रा. डॉ. विनोदकुमार वायचळ और कृतज्ञता ज्ञापन प्रा. डॉ. संजय जोशी जी ने किया।

33) **दि.** 13 **जनवरी** 2019 **:- राज्यस्तरीय गज़ल लेखन कार्यशाला में सहभाग :-** सोलापुर विश्वविद्यालय, सोलापुर में आयोजित एक दिवसीय राज्यस्तरीय गज़ल लेखन कार्यशाला में प्रा. डॉ. विनोदकुमार वायचळ, प्रा. डॉ. संजय जोशी और श्री. अकबर चाँदपाशा सय्यद ने सक्रिय सहभाग लिया। इस अवसर पर पुनानिवासी सुप्रसिद्ध शायर और गज़ल उस्ताद श्री. आसिफ़ सय्यद जी ने मार्गदर्शन किया। कार्यशाला के अन्तिम चरण में सुप्रसिद्ध गज़लनवाज श्री. भीमराव पांचाळे जी का गज़ल गायन सम्पन्न हुआ।

34) **दि.** 18-19-20 **जनवरी** 2019 **:- राष्ट्रीय छात्र संसद में सहभाग :-** एम. आई. टी. महाविद्यालय, पुणे में आयोजित त्रिदिवसीय राष्ट्रीय छात्र संसद में बी. ए. तृ. वर्ष के छात्र श्री. अकबर चाँदपाशा सय्यद ने सक्रिय सहभाग लिया।

35) **दि.** 19 **जनवरी** 2019 **:- अन्तर्राष्ट्रीय चर्चासत्र में सहभाग:-** पूना महाविद्यालय, पुणे में आयोजित एक दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय चर्चासत्र में प्रा. डॉ. विनोदकुमार वायचळ ने सक्रिय सहभाग लिया। इस अवसर पर चीन के शंघाई विश्वविद्यालय के हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ. नवीनचन्द्र लोहानी जी का 'पूर्वी आशियाई देशों में हिन्दी रोजगार के अवसर' विषय पर विशेष व्याख्यान सम्पन्न हुआ।

36) **दि. 20 जनवरी 2019 :- गज़ल उस्ताद आसिफ़ सय्यद जी से मुलाकात** :- पुणे स्थित सुप्रसिद्ध शायर और गज़ल उस्ताद श्री. आसिफ़ सय्यद जी के घर पर प्रा. डॉ. विनोदकुमार वायचळ जी ने उनसे मुलाकात कर विविध विषयों पर चर्चा की। आसिफ़ जी ने उनकी पुस्तकें 'उर्दू काव्यशास्त्र' और 'मराठी गज़ल लेखनशास्त्र' भेंट स्वरूप दीं।

37) **दि. 26 जनवरी 2019 :- राष्ट्रीय छात्र संसद में सहभागी छात्र का सत्कार** :- एम. आई. टी. महाविद्यालय, पुणे में आयोजित त्रिदिवसीय राष्ट्रीय छात्र संसद में सहभागी बी. ए. तृ. वर्ष के छात्र श्री. अकबर चाँदपाशा सय्यद का प्रधानाचार्या डॉ. अनार साळुंके जी के करकमलों से सत्कार किया गया।

38) **दि. 26 जनवरी 2019 :- अनुदित पुस्तक 'पुत्र हो तो ऐसा' का प्रकाशन** :- हिन्दी के दक्षिण द्वार डॉ. सूर्यनारायण रणसुभे जी के अनुरोध पर शहीद फ्लाईट कैडैट प्रसाद रमाकान्त शेण्डगे जी की उन्हीं की माता सौ. विजया जी द्वारा लिखित जीवनी 'पुत्र हो तो ऐसा' और मित्र फ्लाइट कमाण्डर संजय कुलकर्णी लिखित संस्मरण 'मित्र हो तो ऐसा' का प्रा. डॉ. विनोदकुमार वायचळ कृत हिन्दी अनुवाद का लोकार्पण पराग प्रकाशन, कानपुर के माध्यम से सम्पन्न हो गया।

39) **दि. 1 फरवरी 2019:- राष्ट्रीय संगोष्ठी में सहभाग** :- वैद्यनाथ महाविद्यालय एवं नवगण कला महाविद्यालय, परळी के संयुक्त तत्वावधान में अयोजित 'इक्कीसवीं सदी की हिन्दी साहित्य: सम्वेदना के स्वर' शीर्षक एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में प्रा. डॉ. विनोदकुमार वायचळ ने 'इक्कीसवीं सदी के कथा साहित्य में किन्नर विमर्श : 'यमदीप' उपन्यास के विशेष सन्दर्भ में' शीर्षक शोधालेख पढ़कर सक्रिय सहभाग लिया।

40) **दि. 5 फरवरी 2019 :- राष्ट्रीय निबन्ध प्रतियोगिता में प्रतिभागी छात्रों का सत्कार** :- श्रीरामचन्द्र मिशन एवं संयुक्त राष्ट्र सुचना केन्द्र, भारत और भूतान के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित राष्ट्रीय निबन्ध प्रतियोगिता में प्रतिभागी छात्र श्री. अकबर चाँदपाशा सय्यद, सुश्री. अनुराधा महादेव पोन्दे, सुश्री. नेहा सुधाकर वंजारे, सुश्री. ऐश्वर्या मल्लिनाथ सारणे, श्री. प्रथमेश गणेश डोंगे, सुश्री. स्वरांजली कांबळे, सुश्री. फ़िजा मोबिन पठाण का प्रधानाचार्या डॉ. अनार साळुंके जी के करकमलों से सत्कार किया गया।

41) **दि. 12 फरवरी 2019 :- लेखक प्रेमचन्द अन्तर्राष्ट्रीय पुरस्कार**:- सुविख्यात शैक्षिक और सामाजिक साप्ताहिक 'जन अध्ययन' के विशेषांक प्रकाशन के अवसर पर नान्देड़ स्थित साई भवन में सम्पादक प्रधानाचार्य डॉ. विठ्ठल मोरे और मुम्बई हिन्दी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. बलदेव सिंह चौहान के करकमलों से डॉ. विनोदकुमार विलासराव वायचळ को 'लेखक प्रेमचन्द अन्तर्राष्ट्रीय साहित्य पुरस्कार - 2019' से सम्मानित किया गया।

42) **दि. 19 फरवरी 2019 :- शिवजयन्ती के उपलक्ष्य में विशेष व्याख्यान** :- बावी नामक गाँव में हिन्दवी स्वराज्य संस्थापक छत्रपति शिवाजी महाराज की जन्म जयन्ती के उपलक्ष्य में प्रा. डॉ. विनोदकुमार वायचळ का विशेष व्याख्यान सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर प्रा. प्रवीण मुळे जी ने सहयोग किया।

43) **दि. 2 मार्च 2019 :- राष्ट्रीय संगोष्ठी में सहभाग** :- आई. सी. एस. एस. आर. नयी दिल्ली एवं डॉ. इन्दिराबाई पाठक महिला महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में प्रा. डॉ. विनोदकुमार वायचळ ने 'हिन्दी प्रवासी साहित्य का विकास: महिला उपन्यासकारों के विशेष सन्दर्भ में' शीर्षक शोधालेख पढ़कर सक्रिय सहभाग लिया।

44) **दि. 7 मार्च 2019 :- बी. ए. तृ. वर्ष के छात्रों का विदाई समारोह** :- विदाई समारोह के अवसर पर श्री. अकबर सय्यद, श्री. धीरज पांचाळ, सुश्री. पुण्यरथा हुरदुखे, सुश्री. कुसुम शेळके आदि ने अपने मन्तव्य प्रकट किये। इस अवसर पर

अध्यापको की ओर से डॉ. संजय जोशी, डॉ. महादेव हारगे, प्रा. दिनकर रासवे, डॉ. जयश्री कुलकर्णी, डॉ. विनोदकुमार वायचळ ने अपने विचार प्रकट किये। सूत्रसंचालन सुश्री. आलिशा शेख ने किया तो कृतज्ञता ज्ञापन श्री. सन्तोष चव्हाण ने किया।

45) **दि.** 14 **मार्च** 2019 **:- परियोजना परीक्षा** :- कला स्नातक अन्तिम वर्ष (बी. ए. तृ. व.) के हिन्दी विशेष विषय के छात्रों की परियोजना परीक्षा का आयोजन किया गया था। इस अवसर पर बहिस्थ परीक्षक डॉ. अनघा तोडकरी, अन्तर्गत परीक्षक डॉ. संजय जोशी और विभागाध्यक्ष डॉ. विनोदकुमार वायचळ ने मार्गदर्शन किया। श्री. अकबर सय्यद, श्री. धीरज पांचाळ, श्री. राहुल स्वामी, सुश्री. कांचन आगळे और सुश्री. मयुरी माळी ने अपने-अपने परियोजना प्रस्तुत की, जिस पर परीक्षकों ने प्रश्न पूछे, जिनके सन्तोषजनक उत्तर छात्रों ने दिये।

**अध्यक्ष हिंदी विभाग**
व्यंकटेश महाजन वरिष्ठ महाविद्यालय,
उस्मानाबाद

व्यंकटेश महाजन वरिष्ठ महाविद्यालय
कार्यालय
उस्मानाबाद

**प्राचार्य**
व्यंकटेश महाजन वरिष्ठ महाविद्यालय
उस्मानाबाद ४१३५०१





अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दी निबन्ध प्रतियोगिता में सहभागी छात्र श्री. अकबर सय्यद का सत्कार प्रधानाचार्य डॉ. अनार साळुंके जी

छात्र संसद में सहभागी छात्र श्री. अकबर सय्यद का सत्कार



राष्ट्रीय हिन्दी निबन्ध प्रतियोगिता में सहभागी छात्र

श्री. अकबर सय्यद



राष्ट्रीय हिन्दी निबन्ध प्रतियोगिता में सहभागी छात्रा

सुश्री. अनुराधा पोंदे



राष्ट्रीय हिन्दी निबन्ध प्रतियोगिता में सहभागी छात्रा

सुश्री. नेहा वंजारे




राष्ट्रीय सॉफ्ट कौशल विकास कार्यशाला में सहभागी छात्र

श्री. अकबर सय्यद







राष्ट्रीय सॉफ्ट कौशल विकास कार्यशाला में सहभागी छात्र

श्री. धीरज पांचाल

राष्ट्रीय सॉफ्ट कौशल विकास कार्यशाला में सहभागी छात्र

श्री. संतोष चव्हाण





मैथिलीशरण गुप्त जयन्ती के अवसर पर रामकृष्ण परमहंस महाविद्यालय , उस्स्मानाबाद में प्रमुख अतिथि के रूप में

राष्ट्रीय चर्चासत्र में प्रमुख अतिथि डॉ. नवीनचंद्र लोहानी जी का परिचय करवाते हुए







महाडिक महाविद्यालय मोड़निम्ब की राष्ट्रीय संगोष्ठी में

शोधालेख पठन करते हुए

नाट्य लेखन प्रशिक्षण कार्यशाला में रंगकर्मी श्री. राहुल सरवदे जी

का स्वागत करते हुए



गुरुकुल रामलिंग, येडशी में आयोजित बाल संस्कार शिबिर

छत्रपति शिवाजी महाराज का बचपन विषय पर व्याख्यान



ग्राम बावी, ता. जि. उस्मानाबाद में शिवजयंती के अवसर पर

छत्रपति शिवाजी  महाराज की रणनीति विषय पर व्याख्यान



ह. भ. प. प्रकाश बोधले महाराज के करकमलों से रोटरी फाउंडेशन आदर्श शिक्षक पुरस्कार ग्रहण करते हुए



पूर्व मंत्री श्री. उल्हास पाटील जी और अभिनेत्री वर्षा उसगांवकर जी के कर कमलों से छत्रपति शिवाजी पॉवर अवार्ड ग्रहण करते हुए





महादेवी वर्मा लिखित रेखाचित्र 'नीलकंठ मोर' पर आधारित लघु चलचित्र का प्रदर्शन कराते हुए





विद्यावाचस्पति की खुली मौखिकी में शोध-सार रखते हुए श्री. संजय जोशी जी

विद्यावाचस्पति की खुली मौखिकी में मार्गदर्शन करते हुए बहिस्थ परीक्षक प्रो. विष्णु सरवदे जी





विद्यावाचस्पति की खुली मौखिकी में मार्गदर्शन करते हुए अंतर्गत परीक्षक और शोध निर्देशक डॉ. दस्तगीर देशमुख जी

डॉ. संजय व्यंकटराव जोशी का हार्दिक अभिनन्दन करते हुए प्रो. विष्णु सरवदे जी






राष्ट्रीय संगोष्ठी में शोधालेख वाचन

राष्ट्रीय संगोष्ठी में शोधालेख वाचन




अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'राज हीरामन के लघुकथा' विषय पर शोधालेख




डॉ. अर्चना गौतम जी द्वारा स्वागत




अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दी संगोष्ठी में शोधालेख पठन करते हुए



डॉ. अर्चना गौतम जी द्वारा स्वागत



अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में सम्मिलित विद्वानों के साथ



कलिदासादी वाङ्गमय पुस्तक का लोकार्पण






विश्व हिंदी दिन के प्रमुख अतिथि प्रो. श्रीराम नागरगोजे जी का स्वागत

भित्तिपत्रक का अनावरण





निबंध प्रतियोगिता में विजेता श्री. अकबर सय्यद

निबंध प्रतियोगिता में विजेता सुश्री. वृंदा वंजारे





निबंध प्रतियोगिता में विजेता सुश्री. शेख

विश्व हिंदी दिन समापन सत्र






साहित्य भूषण श्री पुरस्कार सम्मान

भारत संचार निगम मर्यादित, उस्मानाबाद में व्याख्यान





तपस्वी वार्षिकांक का प्रकाशन

संपादक के रूप में सत्कार





डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर मराठवाडा विश्वविद्यालय, उपपरिसर उस्मानाबाद में डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर जी की परिनिर्वाण दिन पर विशेष व्याख्यान सम्पन्न साथ में डॉ. महेश्वर कललावे जी, डॉ. संजय शिंदे जी और प्रो. डॉ. अनार सालुंके जी




डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर मराठवाडा विश्वविद्यालय, औरंगाबाद के हिंदी अध्ययन मंडल पर व्यासंगी विद्वान् निमंत्रित सदस्य रूप में चयन होने पर प्राचार्य प्रो. डॉ. अनार सालुंके जी और सहकर्मी प्राध्यापकों द्वारा सत्कार स्वीकारते हुए ....



हिंदी अध्ययन मंडल के सदस्यों के साथ



प्रो. बलिराम धापसे जी , प्रो. संजय राठोड जी, डॉ. भगवान गव्हाडे जी, प्रो. संजय नवले जी, प्रो. सुधाकर शेंडगे जी, प्रो. शशिकला राय जी, प्रो. भारती गोरे जी, डॉ. मीरा निचले जी, प्रो. ललिता राठोड जी, प्रो. आबासाहेब राठोड जी, डॉ. सुरेश मुंढे जी, प्रो. देविदास इंगले जी, डॉ. कन्नुलाल विटोरे जी. प्रो. सुनील कुलकर्णी जी, प्रो. शिवाजी संगोले जी, प्रो. अर्जुन चव्हाण जी आदि के साथ






लघुकथा विमर्श साधन तज्ञ डॉ. प्रशांत चौधरी जी का स्वागत

डॉ. प्रशांत चौधरी जी का व्याख्यान





अध्यक्षीय समापन करते  हुए डॉ. विनोदकुमार वायचळ

कृतज्ञता ज्ञापन करते हुए डॉ. संजय जोशी जी






‘ आविष्कार ’ में पोस्टर प्रदर्शन करते हुए  श्री. अकबर सय्यद




अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योगाभ्यास सत्र का आयोजन





राष्ट्रीय सेवा योजना शिबिर में योगाभ्यास सत्र



ताड़ासन करते हुए रासेयो स्वयंसेवक



डॉ. शरणकुमार लिम्बाले संपादित मराठी पुस्तक के हिंदी अनुवाद ‘ दलित पैंथर : भूमिका एवं आन्दोलन ’ का लोकार्पण






डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर मराठवाडा नाम्विस्तार दिन के अवसर पर  व्याख्यान एवं दलित पैंथर की प्रति भेंट





शिक्षण विवेक प्रयोगशील शिक्षक सम्मान पुरस्कार



निर्भय कन्या अभियान, पूना कॉलेज, पुणे




राष्ट्रीय हिंदी दिन के अवसर पर हिंदी और रोजगार विषय पर श्री. अकबर सय्यद

अध्यक्षीय समापन करते हुए प्राचार्य प्रो. डॉ. अनार सालुंके जी







निबंध प्रतियोगिता की विजेता सुश्री. गीताश्री वाघमोडे

मोरिशस के ११ वें विश्व हिंदी सम्मेलन में शोधालेख वाचन



मोरिशस स्थित विश्व हिंदी सचिवालय

मोरिशस के दयानंद संस्थान के अध्यक्ष डॉ. उदय नारायण गंगू




मोरिशस के ११ वें विश्व हिंदी सम्मेलन में सहभाग





मोरिशस के ११ वें विश्व हिंदी सम्मेलन पर आधारित भित्तिपत्रकों का विमोचन एवं प्रदर्शन






भित्तिपत्रकों का निरिक्षण करते हुए प्रधानाचार्या प्रो. डॉ. अनारताई सालुंके एवं अन्य

अध्यक्ष हिंदी विभाग
व्यंकटेश महाजन वरिष्ठ महाविद्यालय,
उस्मानाबाद

व्यंकटेश महाजन वरिष्ठ महाविद्यालय
कार्यालय
उस्मानाबाद

प्राचार्य
व्यंकटेश महाजन वरिष्ठ महाविद्यालय
उस्मानाबाद ४१३५०१